# NORTHERN RAILWAY

## RAILWAY RECRUITMENT CELL (RRC)
## Lajpat Nagar-I, New Delhi-110024
**Website: www.rrcnr.org**

## Employment Notice NO. 03/2019

### RECRUITMENT OF SPORTS PERSON AGAINST SPORTS QUOTA FROM OPEN MARKET ADVERTISEMENT FOR THE YEAR 2019-20

**ONLINE Applications** are invited from ELIGIBLE Indian Sports Person as per the detail given below for the **21 vacancies** in Level 2, 3, 4 & 5 of Pay Matrix 7th CPC against Sports Quota for the Year 2019-20 in Northern Railway. **Separate Application is to be filled for separate discipline/game, if eligible, with separate examination fee as applicable for each application.**

| IMPORTANT DATES | |
|---|---|
| **Date of Publication in Emp. News** | 26.10.2019 |
| **Date and Time of opening of online filling of application.** | 28.10.2019 at 1200 Hrs |
| **Date & Time of Closing of Online application** | 27.11.2019 at 1200 Hrs |
| **Expected Date of Trial** | After 16.12.2019 |

**1.0 Details of Post**

| S. No. | Game | Events/ Playing position | No. of Vacancies | Total |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Hockey -Women | Mid Fielder<br>Deep Defence<br>Forward | 02<br>01<br>01 | 04 |
| 2 | Kabbaddi -Women | Right Raider<br>Left Raider<br>Right Corner | 01<br>01<br>01 | 03 |
| 3 | Basketball-Women | Feeder<br>Forward<br>Pivot | 01<br>01<br>01 | 03 |
| 4 | Cricket -Women | Pure Batswomen<br>Medium Pacer/Spinner (All rounder) | 01<br>01 | 02 |
| 5 | Hand Ball-Women | Goal Keeper<br>Left Wing | 01<br>01 | 02 |
| 6 | Basketball-Men | Centre | 01 | 01 |
| 7 | Cycling-Men | 4000 meter individual pursuit | 02 | 02 |
| 8 | Kabbaddi -Men | Raider<br>All Rounder | 02<br>01 | 03 |
| 9 | Weight Lifting -Men | 81 KG weight category | 01 | 01 |
| | | | **TOTAL** | **21** |

**2. ELIGIBILITY CRITERIA**

(i) Age Limit: 18-25 years of age as on 01/01/2020.
(ii) Minimum Educational Qualification:
(a) 12th pass for in Level 2 & 3 of Pay Matrix 7th CPC.
(b) Graduate for in Level 4 & 5 of Pay Matrix 7th CPC.
**(iii) Sports Qualification:**
The minimum norms for recruitment of Sports Quota, shall be as under in addition to the qualifying performance/position. These provisions shall be read along with note below the para.

| S. No. | Existing Pay Band/ Scale (6th CPC) | Level in 7th CPC | Minimum Sports Norms for recruitment |
|---|---|---|---|
| 1. | PB-1<br>5200-20200<br>GP- Rs. 2400/2800 | Level 4 & 5 | At least 3rd position in any of the category 'B' Championships / Events |
| 2. | PB-1<br>5200-20200<br>GP- Rs. 1900/2000 | Level 2 & 3 | Represented the country in any of the category 'B' Championships/events OR |
| | | | At least 3rd position in any of the category 'C' Championships/ events. OR |
| | | | At least 3rd position in Senior/Youth/Junior National Championships OR |
| | | | At least 3rd position in National Games organized under aegis of Indian Olympic Association. OR |
| | | | At least 3rd position in All India Inter University Championship organized under the aegis of Association of Indian Universities OR |
| | | | 1st position in Federation Cup Championships (Senior Category). |

**Note:**

(i) In Cricket (Women) at International level, representation of Main Indian Seniors Team in a Test Match or in a Limited Overs One Day International Match or in a Twenty-20 Overs Match shall also be considered for recruitment against the post having Grade Pay Rs. 1900 or Rs. 2000 in Pay Band Rs. 5200-20200.

(ii) In Cricket at National level, following sports achievement in 4 Days/ One Day limited Overs / Twenty-20 Overs Women Cricket Championships organized under the aegis of BCCI may also be considered for recruitment against the post having Grade Pay Rs. 1800 or Rs. 1900 in PB-5200-20200

| S. No. | Details of Championships | Category | Minimum Sports Achievement for Recruitment in Level 2 & 3 of 7th CPC |
|---|---|---|---|
| (a) | All India Inter state Elite & plate group championships | Senior/ Youth(U-23) Junior (U-19) | Semi finalists of elite group championships |
| (b) | All India Inter state championships | Senior/ Junior (U-19) | Semi-finalist of All India Knock Out stage |
| (c) | All India Inter Zonal Championships | Senior/ Junior (U-19) | Finalist |

(iii) In Hockey (Women), for recruitment against the posts having Level-2 & 3 of Pay Matrix 7th CPC at least 2nd position in the International tournaments of four or more nations may also be considered.

(iv) In Basketball, the sports achievements in the event conducted by Basketball Federation of India or its affiliated units shall not be considered for recruitment. However participation and medal winning performance after 26.07.2017 in the events organized by **Basketball Federation of India** laid by **Sh. K.Govind Raj** as President will be considered for recruitment.

(v) All the championships mentioned above should have been conducted under the aegis of recognized International/National/State Sports Federation and also recognized by Railway Sports Promotion Board (RSPB).

(vi) Sports persons having sports norms for higher Level and who have applied against the vacancies for the lower Level can be considered for recruitment against the Level applied for only. In such cases the sports person has to give an undertaking that he/she will not claim for higher Level after joining Railways.

(vii) For recruitment in following sports disciplines, the age group for Junior National Championship will be considered as mentioned against each below:-

| | | | Details of Recognized Junior National Championship | |
|---|---|---|---|---|
| **S. No.** | **Discipline** | **Category** | **Age Group** | **Name of Championship** |
| 1. | Hockey | Women | Under-19 | Junior National Hockey Championship |
| 2. | Kabbaddi | Men | Under-19 | Junior National Kabbadi Championship |
| | | Women | Under- 19 | Junior National Kabbadi Championship |
| 3. | Basketball | Men | Under-18 | Junior National Basketball Championship |
| | | Women | Under-18 | Junior National Basketball Championship |
| 4. | Cricket | Women | Under-19 | Inter State All India Knock Out/Inter State Zonal Tournament (One Day Limited Overs Championship) |
| | | | Under-19 | All India Inter Zonal Tournament (One Day Limited Overs Championship) |
| 5. | Hand Ball | Women | Under-19 | Junior National Handball Championship |
| 6. | Cycling | Men | Under-19 | National Track Cycling Championship (for all age groups) |
| 7. | Weight Lifting | Men | Under-20 | Junior National Weight Lifting Championship |

**Categorization of International Championships:-**

For recruitment purpose, international Championships/events are categorized as under:

Category A : Olympic Games (Senior)
Category B : World Cup (Junior/Youth/Senior)
World Championship (Junior/Senior)
Asian Games (Senior)
Commonwealth Games (Senior)
Youth Olympic
Champions Trophy (Hockey)
Category C : Commonwealth Championship (Junior/Senior)
Asian Championships/Asia Cup (Junior/Senior)
South Asian Federations (SAF) Games (Senior)
USIC (World Railways) Championship (Senior)
World University Games

**Period for Reckoning Sports Achievements:** The sports achievement shall be in the immediate previous two years and sports person shall be an active player. For this purpose two (02) financial years from the date of notification shall be taken into account for example- for application received in 2019-2020 i.e. from 01.04.2019 to 31.03.2020 for recruitment, the sports achievement of current & previous two financial years i.e. 01.04.2017 to 31.03.2018 and 01.04.2018 to 31.03.2019, shall be taken into account and therefore, sports achievement on or after 01.04.2017 shall only be considered for appointment, in the extent case. For this purpose, concluding day of the Championship shall be taken into account.

Activeness in sports shall be adjudged as per his/her performance during the trials. It is therefore, not necessary that the sportsperson must have sports achievement during current/previous financial year to see his/her activeness in sports. .

**3.0 APPLICATION/ TRIAL/ EXAMINATION FEE:** Examination fee is to be paid through ONLINE MODE. RRC will not accept Examination fee in Cash/ Cheque/ Money order/IPO/ Demand Draft Central Recruitment Fee Stamps etc. Candidate to note that RRC/NR is not responsible for incomplete or pending online examination fee transaction for whatever reason. In such case candidate need to proceed with fresh/new transaction of payment of examination fee.

(i) For all candidates except those mentioned in sub-para (ii) below: Rs. 500/- (Rupees Five Hundred) only through Online Payment in favour of RRC/NR. Applciation Fee of Rs. 400/- will be refunded after deducting bank charges to these Categories of Candidate only when they actually appear in the Trial.

(ii) For candidates belonging to SC/ST, Women, Minorities and Economically Backward Classes: Rs. 250/- (Rupees Two Hundred Fifty) only. Application Fee will be refunded after deducting bank charges to these Categories of Candidate only when they actually appear in the Trial.

(iii) Candidate to note that in case of refund of Examination Fee it will be transferred back to the source from where it is received in RRC Account

**NOTE:-** 'Minority' means Muslims, Christians, Buddhists, Zoroastrians (Parsis) & Sikhs. Economically Backward Classes will mean those candidates whose family income is less than Rs. 50,000/- per annum. The income certificate issued by the authorities must be as per format given at Annexure-'IV'. This will have to be issued on the letterhead of the issuing authority.

**4.0 Scheme for recruitment:** The procedure for recruitment of candidate will be as under:-

(i) Screening & Scrutiny of application.
(ii) Trials of the eligible candidates shall be conducted to assess their sports performance and suitability for Railway/Unit team as well as Indian Railways team, the date for which will be intimated later on to the eligible candidates.
(iii) Marks for the recruitment (out of 100 marks) will be awarded as under:-

| S. No | Description | Max. Marks |
|---|---|---|
| 1. | For assessment of recognized Sports Achievements as per norms | 50 Marks |
| 2. | For Game Skill, Physical Fitness & Coach's Observations during Trials | 40 Marks |
| 3. | Educational Qualification<br>**(Note:- For Educational Qualification, six marks shall be given to the candidates fulfilling only the minimum educational qualification, to the post against which he/she is being considered for appointment. Candidate having higher education qualification shall be given higher marks)** | 10 Marks |
| | **TOTAL MARKS** | 100 Marks |

Candidates declared "NOT FIT" by Trial Committee shall not be assessed further by the Recruitment Committee. Assessment of the candidates will be held on the same day, just after trials or at the most next day of trials.

**5.0 Medical Examination:** Candidates recommended for appointment will have to pass the requisite medical fitness standards prescribed for the post to be identified by the Northern Railway Administration.

**6.0 Period of Probation:** All the candidates getting appointment will undergo probation period of Five years (05 years).

**7.0 Period of Training:** The selected candidate will be required to undergo training as per the requirement of the post on which he/she has been selected.

**8.0 Details of Agreement/Security Deposit/ Bond to be signed/Furnished by the candidate:** Only Bond in accordance with RBE No. 52/2012 as amended from time to time.

**9.0 PLACE OF POSTING :** All over Northern Railway.

**10.0 GENERAL INSTRUCTIONS:**

(i) Recruitments of sportspersons shall be dealt as per Railway Board's letter no. 2010/E (Sports)/4 (1)/1 (Policy) dated 31.12.2010 read with modifications/ amendments issued by the Railway Board from time to time.

(ii) In case any applicant has difficulty in filling their applications ONLINE, they are free to contact the help line numbers displayed on RRC website with notification.

(iii) Merely filling up online application on RRC website does not entitle the candidate being eligible for selection process. Candidature of the candidate participating in the selection process is provisional at all stages.

(iv) All the recruitments against Open Advertisement quota shall be at the minimum of scale of pay in the Pay Matrix. Railway Administration reserves the rights to recruit eligible candidates. The decision of Railway Administration on all matters relating to eligibility, place, date, mode of selection, acceptance or rejection, recommendation of post, place of posting, grade etc. shall be final and binding on the candidates. No correspondence will be entertained in this regards. Northern Railway Administration reserves the right to decide the number of sports persons to be selected for any individual/team game depending upon their requirement for that sports and availability of suitable candidates fulfilling the norms.

(v) Candidate applying for more than one discipline/game or event shall submit separate application with separate examination fee along with all necessary documents for each discipline/game or event.

(vi) No request for change of Date & Venue will be entertained.

(vii) **No relaxation in Education/Sports Norms, Age Relaxation shall be permissible.**

(viii) No post is reserved for SC, ST, and OBC, However the candidates claiming to belong to SC/ST/OBC communities for Fee relaxation are required to upload copy of self attested Caste Certificate issued by Competent Authority failing which no Fee relaxation is permissible and any such candidate paying less fee than Rs. 500/- as applicable to General candidate shall be REJECTED.

(ix) Sports persons having sports norms of higher pay matrix and applied against the vacancies for the lower pay matrix, will be considered for applied level only if found eligible otherwise.

(x) No TA/DA/Accommodation will be given for appearing in the selection trials/ assessment. Applicant will have to bring their own playing kit. They may also be required to stay during the selection for 4-5 days, for which they have to make their own arrangements. The Railway Administration reserves the right to fix any date, as deemed suitable, change place or postpone trials/assessment (at its own convenience), or even cancel trials due to unforeseen circumstances against which no claim will be accepted.

(xi) Candidate should be in readiness to appear for the Trials etc. at short notice after the last date for submission is over.

(xii) Sports person recruited against sports quota shall be terminated from service, if the information and documents furnished by him/her for recruitment are found incorrect/ fake at any stage.

(xiii) No candidate should attempt impersonation or take the help of any impersonator at any stage of the selection process. Such candidates will be debarred for life from appearing in all RRB/RRC examinations or any appointment in Railways. In addition, legal action may be taken against the candidate.

(xiv) Any material suppression of facts or submitting of forged certificates/caste certificate by a candidate for securing eligibility and/or obtaining privileges, including fee exemption for appearing in the selection trial shall lead to rejection of his/her candidature for the particular recruitment for which he/she has applied. Further, he/she will also be debarred from all examinations conducted by all RRB/RRC over the country and legal action may be initiated, if warranted.

(xv) Candidates who have been debarred for life from all RRB/RRC examinations or candidates who have been debarred for a specified period which is not yet completed need not apply in response to this employment notice. Their candidature will be rejected during any stage of recruitment as and when detected.

(xvi) Any subsequent changes in the terms and conditions of the Employment Notice as per extant rules will stand good. RRC reserves the right to consider/incorporate any subsequent changes/ modification/additions/cancellation in the terms & conditions to recruitment under this Employment Notice as and when applicable.

(xvii) Candidates selected through Sports quota will have to perform in his/her field of sports for a minimum period of 5 years. His/her performance will be assessed during first two years of service (Probation period). In case performance is no found up to the mark his/her service is liable to be terminated.

(xviii) RRC reserves the right to reject the candidature of any applicant at any stage of the process of recruitment, if any irregularity/ deficiency is noticed in the application/ candidature.

(xix) For any Legal Dispute, the Jurisdiction will be at New Delhi only.

(xx) In the event of any dispute about interpretation or any mistake, the English version will be treated as final.

(xxi) Canvassing in any form, misbehavior or misconduct will lead to summary rejection and cancellation of candidature and no correspondence will be entertained in this matter.

(xxii) Use of power enhancing drugs medicines/steroids/alcohol etc. is strictly banned and candidates may be required to undergo medical test if need be. Candidate found using these things will not be allowed to participate in the selection process and his candidature will be rejected along with debarring him from participating in any of the selection process in Indian Railway. Even if it is found that candidate has used such medicines even after the selection process, Railway Administration reserve the right to reject his candidature at any stage.

(xxiii) Proficiency in Typing Skill: The sportspersons, in case, recruited as Clerk/Sr. Clerk against sports quota will have to pass the requisite type writing test as per rule.

**11.0 Invalid Application/Invalid Candidature:- Any of the following deficiencies/ discrepancies found in the application form/documents submitted/not submitted by the applicant will render the Application Invalid/Candidature Invalid/Rejected at any stage of the recruitment process:-**

(i) Application not in prescribed format and incomplete or illegible application.

(ii) Applications without photograph, LHT impression, unsigned application/ Signature in capital or different signature at different places during the selection process.

(iii) Applications without Application fee or less fee.

(iv) Applications without proof of date of birth, educational qualifications, sports achievements, Caste, NOC from the employer if working etc.

(v) Over age or under age, date of birth not filled or wrongly filled,

(vi) Self-attested photocopies of requisite certificates not uploaded.

(vii) Not having requisite educational qualification & sports qualification at the time of applying.

(viii) Application which are filed in a language other than English or Hindi.

(ix) Candidates already employed in Govt. Service/PSU/ Undertaking etc. should submit Online Application with NOC FROM THE EMPLOYER, failing which application shall be summarily REJECTED.

(x) **Candidates to note that all relevant certificates of education, caste & sports qualification are to be uploaded with online application form failing which application shall be REJECTED.** Original Certificates are not to be sent to RRC/NR and same are required at the time of Trial/Assessment/Document Verification failing which applicant shall not be allowed to participate in the selection process.

(xi) **Candidates should bring all documents uploaded with ONLINE Application Form in Original along with one set of self attested photo copies (Date of Birth Matriculation or Equivalent Certificate, Educational Qualification, Sports Achievements, Caste Certificate, NOC from the employer, if working etc.) on the day of trial and assessment, failing which they shall not be allowed to appear in the Trial/ Assessment. Certificates in languages other than English or Hindi should be accompanied by a self attested translation in English/Hindi.**

(xii) The candidature of the applicants shall be liable to be rejected at any stage of recruitment in case of concealment of any fact, or any other irregularities noticed at any stage of the process.

**12.0 MISCELLANEOUS :** (i) Railway Administration will not be responsible for any inadvertent error in the advertisement (RRC website would be primary and main source of contact with the candidates for various information during the selection.)

**13.0 STEPS TO FILL UP THE ONLINE APPLICATION :**

Click in the BOX given at the end of the notification undertaking by the candidate that **I have read carefully the notification with instructions given above to be complied with during the recruitment process.**

Click on APPLY ONLINE – LOGIN BOX will appear with two options i.e. Login for Already Registered Candidates & for New application.

**Candidate Dashboard will appear as under in RED color which will turn into GREEN step wise completion. Candidate may complete the Online application from Part I to Part IV with option to take print of the Payment slip and Application for future reference, if need be, in one go OR in parts but must be completed in all respects within the last date given. Candidate to follow the instructions generated by software during the process of submitting ONLINE APPLICATION at every step.**

| Part I | Part II | Part III | Part IV | Part V |
|---|---|---|---|---|
| Application Form | Payment of Examination Fee | Uploading Documents photo, Sign & Thumb Impression etc. | Online payment Details Print | Application Details/ Prints |

**14.0 Enclosures to be uploaded with the Online Application:-**

Applicant must upload following documents/certificates with the online application failing which application will be rejected.

a. Proof of date of birth (10th or Matric pass certificate).

b. Proof of Essential educational i.e. 12th or Graduation as the case may be and Sport qualification prescribed for the category/post.

c. In case of candidates belonging to SC/ST/OBC/Minority/Economically Backward etc Certificate in prescribed format as per **Annexure-I to Annexure-V** (will be downloaded from RRC website i.e. **www.rrcnr.org**)

**Chairman**
**Railway Recruitment Cell, Northern Railway**

**3259/2019**

# उत्तर रेलवे

## रेलवे भर्ती सैल (आर आर सी)

लाजपत नगर–I, नई दिल्ली–110024

वेबसाईटः www.rrcnr.org

## रोजगार सूचना संख्या 03/2019

### वर्ष 2019-20 के लिए ओपन मार्केट विज्ञापन द्वारा स्पोर्ट्स कोटे में खिलाड़ियों की भर्ती

उत्तर रेलवे में वर्ष 2019-20 के लिए खेल कोटा से वेतन मेट्रिक्स 7वें स्तर 2, 3, 4 व 5 में **21 रिक्त पदों के** लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, पात्र भारतीय खिलाडियों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित किए जाते हैं। **अलग-अलग खेल के लिए, प्रत्येक आवेदन के लिए लागू अलग परीक्षा शुल्क के साथ अलग आवेदन पत्र भरना होगा, यदि पात्रता है।**

| महत्वपूर्ण तारीखें | |
|---|---|
| रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तारीख | 26.10.2019 |
| ऑनलाइन आवेदन भरने की तारीख और समय | 28.10.2019 को 1200 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन बंद किए जाने की तारीख और समय | 27.11.2019 को 1200 बजे |
| ट्रायल की अनुमानित तारीख | 16.12.2019 के बाद |

**1.0 पद का विवरण**

| क्र. सं. | खेल | आयोजन/खेल में स्थान | रिक्त पदों की सं. | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हॉकी–महिला | मिड फील्डर<br>डीप डिफेंस<br>फॉर्वर्ड | 02<br>01<br>01 | 04 |
| 2 | कबड्डी–महिला | राइट रेडर<br>लेफ्ट रेडर<br>राइट कॉर्नर | 01<br>01<br>01 | 03 |
| 3 | बास्केटबॉल-महिला | फीडर<br>फॉर्वर्ड<br>पिवट | 01<br>01<br>01 | 03 |
| 4 | क्रिकेट- महिला | प्योर बैट्सवीमेन<br>मीडियम पेसर/स्पिनर<br>(ऑल राउंडर) | 01<br>01 | 02 |
| 5 | हैंड बॉल- महिला | गोल कीपर<br>लेफ्ट विंग | 01<br>01 | 02 |
| 6 | बास्केटबॉल-पुरुष | सेंटर | 01 | 01 |
| 7 | साइकिलिंग-पुरुष | 4000 मीटर इंडीविज्युल परसूट | 02 | 02 |
| 8 | कबड्डी-पुरुष | रेडर<br>ऑल राउंडर | 02<br>01 | 03 |
| 9 | वेट लिफ्टिंग-पुरुष | 81किलो वेट कैटगरी | 01 | 01 |
| | | | **कुल** | **21** |

**2. योग्यता मानदण्ड**

(i) आयु सीमाः 01.01.2020 को 18-25 वर्ष (ii) न्यूनतम शैक्षिक अर्हताः

(क) 7वें सीपीसी के स्तर 2 और 3 में 12वीं पास (ख) 7वें सीपीसी के स्तर 4 और 5 के लिए स्नातक

**(iii) खेल मानदण्डः**

खेल कोटे की भर्ती के लिए अर्हक प्रदर्शन/स्थिति के अलावा न्यूनतम मानदंड निम्नानुसार होंगे। इन प्रावधानों को पैरा नीचे टिप्पणी के साथ पढ़ा जाएगाः–

| क्र. सं. | मौजूदा वेतन बैंड/ वेतनमान (छठा सीपीसी) | 7वें सीपीसी में स्तर | भर्ती के लिए न्यूनतम खेल मानदंड |
|---|---|---|---|
| 1. | वेतन बैंड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन-<br>रु. 2400/2800 | स्तर<br>4 और 5 | श्रेणी 'ख' की किसी चेंपियनशिप/आयोजन में कम से कम तृतीय स्थान। |
| 2. | वेतन बैंड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन-<br>रु. 1900/2000 | स्तर<br>2 और 3 | श्रेणी 'ख' की किसी चेंपियनशिप/आयोजन में देश की ओर से प्रतिनिधित्व किया हो **या** |
| | | | श्रेणी 'ग' की किसी चेंपियनशिप/आयोजन में कम से कम तृतीय स्थान **या** |
| | | | सीनियर/युवा/जूनियर राष्ट्रीय चेंपियनशिप में कम से कम तृतीय स्थान **या** |
| | | | भारतीय ओलपिंक एसोसिएशन की तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में कम से कम तृतीय स्थान **या** |
| | | | भारतीय विश्वविद्यालय एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया अंतर्विश्वविद्यालय चेंपियनशिप में कम से कम तृतीय स्थान **या** |
| | | | फेडरेशन कप चेंपियनशिप्स (सीनियर श्रेणी) में प्रथम स्थान |

**नोटः**

(i) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट (महिला) में, वेतन बैंड रू. 5200-20200 में/ग्रेड वेतन–रू. 1900 अथवा रू. 2000/- भर्ती के लिए किसी टेस्ट मैच में या सीमित ओवरों वाले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच या किसी ट्वेंटी–20 ओवर के मैच में मुख्य भारतीय सीनियर टीम के प्रतिनिधित्व पर विचार किया जाएगा।

(ii) राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में, वेतन बैंड रू. 5200-20200 में/ग्रेड वेतन–रु. 1800 या रु. 1900 के पद के लिए बीसीसीआई के तत्वावधान में आयोजित 4 दिवसीय/एक दिवसीय लिमिटेड ओवरों/ट्वेंटी–20 ओवर की महिला क्रिकेट चौंपियनशिप में खेल उपलब्धि पर भी विचार किया जा सकता है।

| क्र. सं. | चेंपियनशिप का विवरण | श्रेणी | 7वें सीपीसी के स्तर 2 और 3 में भर्ती के लिए न्यूनतम खेल उपलब्धि |
|---|---|---|---|
| (क) | ऑल इंडिया इंटर स्टेट एलिट और प्लेट ग्रुप चेंपियनशिप | सीनियर/यूथ (अंडर-23)<br>जूनियर (अंडर-19) | एलिट ग्रुप चेंपियनशिप के सेमी फाईनलिस्ट |
| (ख) | ऑल इंडिया इंटर स्टेट चेंपियनशिप | सीनियर/जूनियर (अंडर-19) | ऑल इंडिया नॉकआउट चरण के सेमी फाईनलिस्ट |
| (ग) | ऑल इंडिया इंटर जोनल चेंपियनशिप | सीनियर/जूनियर (अंडर-19) | फाईनलिस्ट |

(iii) हॉकी (महिला) में, चार या अधिक देशों में इंटरनेशनल टूर्नामेंट में कम से कम दूसरी स्थिति पर 7 वें पे मैट्रिक्स के लेवल 2 व 3 पदों के लिए भर्ती हेतु विचार किया जा सकता है।

(iv) बास्केटबॉल में, भर्ती के लिए भारतीय बास्केटबॉल संघ या इससे संबद्ध इकाईयों द्वारा आयोजित आयोजनों में खेल उपलब्धियों पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि **श्री के. गोविंद राज द्वारा अध्यक्ष के पद पर** रहते हुए स्थापित भारतीय बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित आयोजनों में 26.07.2017 के बाद प्रतिभागिता और पदकविजेता प्रदर्शन पर विचार किया जाएगा।

(v) उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित की गई हों और ये रेलवे खेल प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) द्वारा भी मान्यता प्राप्त हों।

(vi) जिन खिलाडियों के पास उच्चतर ग्रेड वेतन के लिए खेल मानदण्ड हों और जिन्होंने निचले ग्रेड वेतन के लिए आवेदन किया है, उन पर केवल उस ग्रेड के लिए विचार किया जाएगा जिसके लिए उन्होंने आवेदन किया है। इन मामलों में खिलाड़ी को इस आशय का एक वचनपत्र देना होगा कि वह रेलवे में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उच्चतर ग्रेड वेतन के लिए दावा नहीं करेगा/करेगी।

(vii) निम्नलिखित खेल विधाओं के लिए, जूनियर नेशनल चेंपियन के लिए आयु समूह पर विचार किया जाएगा जैसाकि नीचे प्रत्येक के समक्ष दिया गया है।

| क्र. सं. | खेल | श्रेणी | मान्यताप्राप्त जूनियर नेशनल चेंपियनशिप का विवरण | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आयु समूह | चेंपियनशिप का नाम |
| 1. | हॉकी | महिला | अंडर- 19 | जूनियर नेशनल हॉकी चेंपियनशिप |
| 2. | कबड्डी | पुरुष | अंडर-19 | जूनियर नेशनल कबड्डी चेंपियनशिप |
| | | महिला | अंडर-19 | जूनियर नेशनल कबड्डी चेंपियनशिप |
| 3. | बॉस्केटबॉल | पुरुष | अंडर-18 | जूनियर नेशनल बॉस्केटबॉल चेंपियनशिप |
| | | महिला | अंडर-18 | जूनियर नेशनल बॉस्केटबॉल चेंपियनशिप |
| 4. | क्रिकेट | महिला | अंडर-19 | इंटर स्टेट ऑल इंडिया नॉक आउट/इंटर स्टेट जोनल टूर्नामेंट (वन डे लिमिटेड ओवर्स चेंपियनशिप) |
| | | | अंडर-19 | ऑल इंडिया इंटर स्टेट जोनल टूर्नामेंट (वन डे लिमिटेड ओवर्स चेंपियनशिप) |
| 5. | हैंड बॉल | महिला | अंडर-19 | जूनियर नेशनल हैडबॉल चेंपियनशिप |
| 6. | साइकिलिंग | पुरुष | अंडर-19 | नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चेंपियनशिप (फॉर ऑल ऐज ग्रुपर्स) |
| 7. | वेट लिफ्टिंग | पुरुष | अंडर-20 | जूनियर नेशनल वेट लिफ्टिंग चेंपियनशिप |

**इंटरनेशनल चेंपियनशिप का श्रेणीकरणः-**

भर्ती के प्रयोजनार्थ, इंटरनेशनल चेंपियनशिप/आयोजनों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जाता हैः–

श्रेणी क : ओलंपिक खेल (सीनियर)

श्रेणी ख : विश्व कप (जूनियर/यूथ/सीनियर)
विश्व चेंपियनशिप (जूनियर/सीनियर)
एशियन खेल (सीनियर)
राष्ट्रमंडल खेल (सीनियर) /यूथ ओलंपिक चैम्पियंस ट्रॉफी (हॉकी)

श्रेणी ग : राष्ट्रमंडल चेंपियनशिप (जूनियर/सीनियर)
एशियन चेंपियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर)
दक्षिण एशिया संघ (एसएएफ) खेल (सीनियर)
यूएसआईसी (वर्ल्ड रेलवेज) चेंपियन (सीनियर)
वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स

**खेल उपलब्धियों के लिए गणना अवधिः** खेल की उपलब्धि तत्काल पिछले दो वर्षों में होगी और खिलाड़ी सक्रिय खिलाड़ी होगा। इस उद्देश्य के लिए अधिसूचना की तारीख से दो वित्तीय वर्षों पर विचार किया जाएगा। उदाहरण के लिए, भर्ती के लिए 2019-20 में (अर्थात 01.04.2019 से 31.03.2020), वर्तमान और विगत दो वित्तीय वर्ष यानी 01.04.2017-31.03.2018 और 01.04.2018-31.03.2019 की खेल उपलब्धियों पर विचार किया जाएगा और इसलिए, इस मामले में नियुक्ति के लिए 01.04.2017 को या उसके बाद की खेल उपलब्धि पर ही विचार किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए, चेंपियनशिप के समापन दिवस को ध्यान में रखा जाएगा।

खेल में सक्रियता का ट्रायल के दौरान उसके प्रदर्शन के अनुसार निर्णय किया जाएगा। इसलिए, यह आवश्यक नहीं है कि खेल में उसकी सक्रियता को देखने के लिए खिलाडी ने वर्तमान/पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान खेल उपलब्धि हासिल की ही हो।

**3.0 आवेदन/ट्रायल/परीक्षा शुल्कः** परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड से किया जाना है और आरआरसी नकद/चेक/मनी ऑर्डर/आईपीओ/डिमांड ड्राफ्ट केंद्रीय भर्ती शुल्क स्टांप आदि से परीक्षा शुल्क स्वीकार नहीं करेगा। उम्मीदवार को यह नोट करना होगा कि आरआरसी/एनआर, अपूर्ण या लंबित ऑनलाइन परीक्षा शुल्क संव्यवहार के लिए जिम्मेदार नहीं है, चाहे इसका कोई भी कारण हो। ऐसे मामले में उम्मीदवार को परीक्षा शुल्क के दोबारा/नए संव्यवहार के साथ आगे बढ़ना होगा।

(i) नीचे सभी उप–पैरा (ii) में उल्लिखित उन सभी उम्मीदवारों को छोड़करः आरआरसी/एनआर के पक्ष में ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से रु. 500/- (पांच सौ रुपए) केवल। इन श्रेणियों के उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क रु. 400/- केवल बैंक शुल्क कटौती के बाद तब वापस किया जाएगा, जब वे वास्तव में ट्रायल में भाग लेंगे।

(ii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, महिला, अल्पसंख्यकों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों के लिएः रु. 250/- (दो सौ पचास रुपए) केवल। इन श्रेणियों के उम्मीदवारों को परीक्षा शुल्क बैंक शुल्क कटौती के बाद तब वापस किया जाएगा, जब वे वास्तव में ट्रायल में भाग लेंगे।

(iii) उम्मीदवार नोट करें कि परीक्षा शुल्क वापसी के मामले में, यह उसी स्रोत में वापस अंतरित कर दिया जाएगा जहां से यह आरआरसी के खाते में आया है।

**नोटः-** 'अल्पसंख्यक' का मतलब मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, जोरास्ट्रियन (पारसी) और सिख हैं।

आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का अर्थ उन उम्मीदवारों से होगा जिनकी पारिवारिक आय प्रति वर्ष 50,000/– प्रति रुपये से कम है। अधिकारियों द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र **अनुलग्नक-'IV'** में दिए गए प्रारूप के अनुसार होना चाहिए। इसे जारी करने वाले प्राधिकारी के लेटरहेड पर जारी किया गया होना चाहिए।

**4.0 भर्ती योजनाः** उम्मीदवारों की भर्ती प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

(i) आवेदन पत्रों की जांच व छटाई।

(ii) पात्र उम्मीदवारों की ट्रायल, रेलवे/यूनिट टीम और भारतीय रेलवे टीम के लिए उनके खेल के प्रदर्शन और उपयुक्तता का आकलन करने के लिए आयोजित की जाएंगी, पात्र उम्मीदवारों को जिनकी तारीख की सूचना बाद में दी जाएगी।

(iii) भर्ती के लिए अंक (100 अंकों में से) निम्न प्रकार से दिए जायेंगेः–

| क्र.सं. | विवरण | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | मानदंडों के अनुसार मान्यताप्राप्त खेल उपलब्धियों के आकलन के लिए | 50 अंक |
| 2. | परीक्षणों के दौरान खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और कोच की टिप्पणियों के लिए | 40 अंक |
| 3. | शैक्षणिक योग्यता<br>**(नोटः - शैक्षिक योग्यता के लिए, पदों के लिए केवल न्यूनतम शैक्षिक योग्यता पूरी करने वाले उम्मीदवारों को छह अंक दिए जाएंगे, जिन पर उनकी नियुक्ति के लिए विचार किया जा रहा है। उच्चतर शिक्षा योग्यता वाले उम्मीदवार को उच्चतर अंक दिए जाएंगे)** | 10 अंक |
| | **कुल** | **100 अंक** |

भर्ती समिति द्वारा ''फिट नहीं'' घोषित उम्मीदवारों का और अधिक मूल्यांकन नहीं किया जाएगा । उम्मीदवारों के साक्षात्कार उसी दिन, ट्रायल के बाद या अधिकतम ट्रायल के अगले दिन किया जाएगा।

**क्रमशः**

**5.0 मेडिकल परीक्षाः** नियुक्ति के लिए अनुशंसित उम्मीदवारों को उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा पहचाने जाने वाले रेलवे अस्पताल में पद के लिए निर्धारित अपेक्षित मेडिकल फिटनेस मानकों पर खरा उतरना होगा।

**6.0 परिवीक्षा की अवधिः** नियुक्ति पाने वाले सभी उम्मीदवारों को पांच वर्ष की परिवीक्षा अवधि से गुजरना होगा।

**7.0 प्रशिक्षण अवधिः** चयनित उम्मीदवार को उस पद की अपेक्षा के अनुसार प्रशिक्षण लेना होगा जिस पद पर उसका चयन किया गया है।

**8.0 हस्ताक्षर किए जाने वाले करार/जमानत राशि/सेवा बंधपत्र का विवरणः** RBE 52/2012 के बंधपत्र के अनुसार जैसा समय–समय पर संशोधित किया हो।

**9.0 तैनाती के स्थानः** पूरे उत्तर रेलवे पर।

**10.0 सामान्य निर्देश**

(i) खिलाड़ियों की भर्ती रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2010/ई(खेल)/4(i)/1(पॉलिसी) दिनांक 31.12.2010, रेलवे बोर्ड द्वारा समय–समय पर जारी परिवर्तनों/संशोधनों के साथ पठित, के अनुसार की जाएगी।

(ii) यदि किसी आवेदक को अपने आवेदन का ऑनलाइन भरने में कठिनाई होती है, तो वे अधिसूचना के साथ आरआरसी वेबसाइट पर प्रदर्शित हेल्पलाइन नंबर से संपर्क कर सकते हैं।

(iii) आरआरसी वेबसाइट पर सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करना उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के लिए पात्र होने का अधिकार नहीं देता। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले उम्मीदवार की उम्मीदवारी सभी चरणों में अस्थायी है।

(iv) ओपन विज्ञापन कोटे में सभी भर्तियां वेतन मैट्रिक्स में न्यूनतम वेतनमान पर होंगी। योग्य उम्मीदवारों की भर्ती करने का अधिकार रेलवे प्रशासन के पास सुरक्षित है। पात्रता, स्थान, तारीख, चयन का तरीका, स्वीकृति या अस्वीकृति, पद की सिफारिश, तैनाती का स्थान, ग्रेड इत्यादि से संबंधित सभी मामलों पर रेलवे प्रशासन का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। उत्तर रेलवे प्रशासन के पास उन खेलों के लिए उनकी अपेक्षा और मानदंडों को पूरा करने वाले उपयुक्त उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर किसी भी एकल/टीम खेल के लिए खिलाड़ियों की संख्या निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है।

(v) एक से अधिक विधा/खेल या स्पर्धा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार प्रत्येक विधा/खेल या स्पर्धा के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अलग–अलग परीक्षा शुल्क सहित अलग–अलग आवेदन जमा करेंगे।

(vi) तारीख और स्थान में परिवर्तन के लिए किसी अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

**(vii) शिक्षा/खेल मानदंडों व आयु में कोई छूट नहीं दी जाएगी।**

(viii) एससी, एसटी और ओबीसी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है, तथापि एससी/एसटी/ओबीसी समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों को शुल्क छूट के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए स्वयं प्रमाणित जाति प्रमाण पत्र की प्रति अपलोड करना अपेक्षित है जिसके बिना कोई शुल्क छूट अनुमत नहीं है और ऐसे किसी उम्मीदवार के सामान्य उम्मीदवार के लिए लागू 500/- रुपये से कम शुल्क का भुगतान करने पर उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(ix) उच्चतर वेतन मैट्रिक्स के खेल मानदंड वाले और निम्नतर वेतन मैट्रिक्स की रिक्तियों पर आवेदन करने वाले खिलाड़ियों पर, अन्यथा पात्र पाये जाने पर, आवेदित लेवल के लिए ही विचार किया जाएगा।

(x) चयन परीक्षण/आकलन में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास नहीं दिया जाएगा। आवेदक को स्वयं की खेल किट लानी होगी। चयन के दौरान उन्हें 4-5 दिनों के लिए रहना भी अपेक्षित हो सकता है, जिसके लिए उन्हें अपनी व्यवस्था करनी होती है।रेलवे प्रशासन को कोई भी तारीख तय करने, जैसा उपयुक्त प्रतीत हो, स्थान बदलने या परीक्षण/मूल्यांकन स्थगित करने (अपनी सुविधा पर), या अप्रत्याशित परिस्थितियों केकारण परीक्षण भी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसके खिलाफ कोई दावा स्वीकारनहीं किया जाएगा।

(xi) जमा करने की आखिरी तारीख खत्म होने के बाद उम्मीदवार को अल्पकालिक सूचना पर परीक्षण आदि के लिए उपस्थित होने के लिए तैयार रहना चाहिए।

(xii) खेल कोटे में भर्ती किए गए खिलाड़ी की सेवाएं समाप्त कर दी जायेंगी, यदि भर्ती के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी और दस्तावेज किसी भी चरण में गलत/नकली पाए गए।

(xiii) कोई भी उम्मीदवार प्रतिरूपण का प्रयास नहीं करेगा या चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी प्रतिरूपणकर्ता की मदद नहीं लेगा। ऐसे उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं में भाग लेने या रेलवे में कोई नियुक्ति पाने से जीवन भर के लिए वंचित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, उम्मीदवार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

(xiv) चयन परीक्षण में उपस्थित होने के लिए शुल्क छूट सहित पात्रता सुनिश्चित करने और/या विशेषाधिकार प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार द्वारा तथ्यों के किसी भी तथ्यात्मक छिपाव या जाली प्रमाणपत्र/जाति प्रमाणपत्र जमा करने पर, उस भर्ती विशेष के लिए उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी जिसके लिए उसने आवेदन किया है। इसके अलावा, उसे देश भर में सभी आरआरबी/आरआरसी द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं से भी वंचित कर दिया जाएगा और वारंट किए जाने पर कानूनी कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

(xv) जिन उम्मीदवारों को सभी आरआरबी/आरआरसी परीक्षाओं से जीवन भर के लिए वंचित किया गया है या जिन वंचित किए गए उम्मीदवारों का निर्दिष्ट समय अभी तक पूरा नहीं हुआ है, उन उम्मीदवारों को इस रोजगार सूचना के जवाब में आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। भर्ती के किसी भी चरण के दौरान पता चलने पर उनकी उम्मीदवारी निरस्त करदी जाएगी।

(xvi) मौजूदा नियमों के अनुसार रोजगार सूचना के नियमों और शर्तों में बाद में कोई भी बदलाव मान्य होगा। आरआरसी के पास इस रोजगार सूचना के तहत भर्ती के नियमों और शर्तों में लागू होने पर कोई भी परिवर्तन/संशोधन/परिवर्धन/निरस्तीकरण करने काअधिकार सुरक्षित है।

(xvii) खेल कोटे के माध्यम से चुने गए उम्मीदवारों को न्यूनतम 5 वर्ष के लिए अपने खेल के क्षेत्र में प्रदर्शन करना होगा। उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन पहले दो वर्षों की सेवा (परिवीक्षा अवधि) के दौरान किया जाएगा। यदि प्रदर्शन उपयुक्त स्तर का नहीं पाया जाता है तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है।

(xviii) आरआरसी के पास भर्ती की प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, यदि आवेदन/उम्मीदवारी में कोई अनियमितता/कमी ध्यान में आती है।

(xix) किसी भी कानूनी विवाद के लिए, न्यायाधिकार क्षेत्र केवल नई दिल्ली में होगा।

(xx) व्याख्या या किसी गलती के बारे में किसी विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को मान्य समझा जाएगा।

(xxi) किसी भी रूप में सिफारिश, दुर्व्यवहार या कदाचार से उम्मीदवारी को अस्वीकृत और निरस्त कर दिया जाएगा और इस मामले में कोई पत्रचार नहीं किया जाएगा।

(xxii) ताकत बढ़ाने वाली दवाओं/स्टेरॉयड/अल्कोहल इत्यादि का उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित है और यदि आवश्यक हो तो उम्मीदवारों को चिकित्सा परीक्षण से गुजरना पड़ सकता है। इन चीजों का उपयोग करने वाले उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी भारतीय रेल में किसी भी चयन प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित कर दी जाएगी। भले ही चयन प्रक्रिया के बाद भी यह पाया जाए कि उम्मीदवार ने ऐसी दवाएं उपयोग की हैं, रेलवे प्रशासन के पास किसी भी स्तर पर उसकी उम्मीदवारी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

(xxiii) टंकण कौशल में प्रवीणताः खेल कोटे में, क्लर्क/सीनियर क्लर्क के तौर पर भर्ती के मामले में, खिलाड़ियों को नियमों के अनुसार अपेक्षित प्रकार की टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

**11.0 अमान्य आवेदन/अमान्य उम्मीदवारीः- आवेदक द्वारा जमा/जमा न किए गए आवेदन पत्र / दस्तावेजों में प्राप्त निम्नलिखित किसी कमी/विसंगति के कारण भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में आवेदन अमान्य/उम्मीदवारी अमान्य अस्वीकार कर दिए जाएंगेः-**

(i) निर्धारित प्रारूप में नहीं और अधूरा या अस्पष्ट आवेदन।

(ii) फोटो, एलएचटी निशान के बिना, हस्ताक्षर न किया गया आवेदन/कैपिटल अक्षरों में हस्ताक्षर या चयन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न स्थानों पर विभिन्न हस्ताक्षर।

(iii) परीक्षा शुल्क के बिना या कम शुल्क वाला आवेदन।

(iv) जन्म की तारीख, शैक्षणिक योग्यताओं, खेल उपलब्धियों, जाति के प्रमाण, कार्यरत होने पर नियोक्ता से एनओसी आदि के बिना आवेदन।

(v) अधिक आयु या कम आयु, नहीं भरी गई या गलत तरीके से भरी गई जन्म तिथि।

(vi) अपेक्षित प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित फोटोकॉपी अपलोड नहीं की गई।

(vii) आवेदन करते समय आवश्यक शैक्षिक योग्यता और खेल योग्यता नहीं हो।

(viii) अंग्रेजी या हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में भरे गए आवेदन।

(ix) पहले से सरकारी सेवा/सार्वजनिक उपक्रम/अंडरटेकिंग इत्यादि में नियोजित उम्मीदवार को नियोक्ता से एनओसी के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर आवेदन को एकदम अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(x) उम्मीदवार यह ध्यान दें कि शिक्षा, जाति और खेल योग्यता के सभी संबंधित प्रमाणपत्र ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाएं, ऐसा न करने पर आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा। मूल प्रमाण पत्र आरआरसी/एनआर को नहीं भेजे जाने चाहिए और ये परीक्षण/आकलन/दस्तावेज सत्यापन के समय अपेक्षित हैं, ऐसा न करने पर आवेदक को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(xi) उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों (जन्म तिथि का मैट्रिकुलेशन या समकक्ष प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता, खेल उपलब्धियां, जाति प्रमाणपत्र, कार्यरत होने पर नियोक्ता से एनओसी, आदि) की मूल प्रति स्वयं सत्यापित फोटोकॉपियों के एक सेट सहित परीक्षण और आकलन के दिन साथ लेकर आएं, ऐसा न करने पर उन्हें परीक्षण/आकलन में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंग्रेजी या हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी में स्वयं सत्यापित अनुवाद के साथ होने चाहिए।

(xii) कोई भी तथ्य छिपाने, या प्रक्रिया के किसी भी चरण में ध्यान में आई किसी अन्य अनियमितताओं के मामले में आवेदकों की उम्मीदवारी भर्ती के किसी भी चरण में निरस्त कर दी जाएगी।

**12.0 विविधः** (i) विज्ञापन में किसी भी अनजान त्रुटि के लिए रेलवे प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा (आरआरसी वेबसाइट चयन के दौरान विभिन्न जानकारी के लिए उम्मीदवारों के साथ संपर्क का प्राथमिक और मुख्य स्रोत होगी।)

**13.0 ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए कदमः**

अधिसूचना के अंत में दिए गए बॉक्स में उम्मीदवार द्वारा दिए गए अंडरटेकिंग पर क्लिक करें कि मैंने भर्ती प्रक्रिया के दौरान अनुपालन के लिए ऊपर दिए गए निर्देशों सहित अधिसूचना को सावधानीपूर्वक पढ़ा है।

⇩

ऑनलाइन आवेदन पर क्लिक करें – लॉगइन बॉक्स में दो विकल्प दिखाई देंगे यानी पहले से पंजीकृत उम्मीदवारों और नए आवेदन के लिए लॉगइन।

⇩

उम्मीदवार का डैशबोर्ड लाल रंग का दिखाई देगा जो चरण वार पूर्ण होने पर हरे रंग का हो जाएगा। उम्मीदवार भुगतान स्लिप का प्रिंट लेने और भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन, यदि जरूरत हो तो, के विकल्प सहित भाग I से भाग IV तक ऑनलाइन आवेदन एक बार में या भागों में पूरा कर सकते हैं, किंतु सभी मामलों में यह अंतिम तारीख के भीतर पूर्ण किया जाना चाहिए। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक चरण में सॉफ्टवेयर द्वारा दिए गए अनुदेशों का पालन करें।

| भाग I | भाग II | भाग III | भाग IV | भाग V |
|---|---|---|---|---|
| आवेदन पत्र | परीक्षा शुल्क का भुगतान | फोटो, हस्ताक्षर और अंगूठे की छाप आदि अपलोड करना | ऑनलाईन भुगतान विवरण मुद्रित करें | आवेदन का विवरण/मुद्रित करें |

**14.0 ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए जाने वाले संलग्नकः-**

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे, ऐसा न किए जानेपर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

क. जन्म तिथि (10वीं या मैट्रिक पास प्रमाणपत्र) का प्रमाण।

ख. श्रेणी/पद के लिए निर्धारित आवश्यक शैक्षिक यानी 12वीं या स्नातक जैसा भी मामला हो और खेल योग्यता का प्रमाण।

ग. एससी/एसटी/ओबीसी/अल्पसंख्यक/आर्थिक रूप से पिछड़े आदि उम्मीदवारों के मामले में अनुलग्नक–I से अनुलग्नक–V के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र (आरआरसी वेबसाइट यानी **www.rrcnr.org** से डाउनलोड किया जाएगा)।

**अध्यक्ष**

**3259/2019** **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तरी रेलवे**